रिपोर्ट

हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

हिंदी विभाग, श्यामलाल कॉलेज हर वर्ष 14 सितंबर, हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज प्रांगण में हिंदी दिवस का आयोजन करता है। गौरतलब है कि 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को संविधान द्वारा राजभाषा के तौर पर मान्यता दिए जाने के उपलक्ष्य में हिंदी दिवस मनाया जाता है। यह दिन हिंदी के महत्व को दर्शाने का दिन है। इस वर्ष हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर, 2022 को श्यामलाल कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस निबंध लेखन प्रतियोगिता में कॉलेज के विभिन्न विभागों समेत, विश्वविद्यालय के अन्य कॉलेजों के प्रतिभागियों ने भी हिंस्सा लिया। कुल मिलाकर इस प्रतियोगिता में 50 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भागीदारी की और निबंधों के माध्यम से अपने विचार प्रकट किए। इस प्रतियोगिता में विभाग के शिक्षकों ने निर्णयकर्ता की भूमिका निभाई। अंत में विभाग की प्रभारी सुजाता तेवतिया और अन्य प्राध्यापकों ने अपने विचार प्रकट किये। कुल मिलाकर हिंदी दिवस के अवसर पर किया गया यह आयोजन विद्यार्थियों में हिन्दी को लेकर जागरूकता पैदा करने में कामयाब रहा।